लोकाभिरामं रणरंगधीरं राजीवनेत्रं रघुवंशनाथम्। कारुण्यरूपं करुणाकरं तं श्रीरामचन्द्रं शरणं प्रपद्ये॥

daily balod News

# DailyBalodNews

श्री राम संस्करण :22/01/2024



संपादक: दीपक यादव    मो 9755235270 , बालोद जिले का अपना डिजिटल मीडिया    www.dailybalodnews.com

## राम भक्ति के रंग में रंगा सम्पूर्ण बालोद जिला, भगवान रामलला प्राण-प्रतिष्ठा के साक्षी बने जिलेवासी



**संवाददाता | बालोद**

भगवान श्री रामचंद्र जी की जन्मस्थली अयोध्या में 22 जनवरी को श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरे देश एवं प्रदेश की भांति बालोद जिला भी भगवान श्री रामचंद्र की भक्ति से सराबोर होकर राम भक्ति के रंग में रंग गया था। जिले के जन प्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, श्रद्धालुओं, साधु-संतों एवं राम भक्तों के अलावा किसान, मजदूर, व्यापारी, छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों एवं आम नागरिकों सहित समाज के सभी वर्ग के लोगों ने रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित समारोह में पूरे जोश एवं उत्साह के साथ शामिल हुए। जिसके फलस्वरूप पूरे जिले का वातावरण राममय हो गया था।
बालोद जिला प्रशासन द्वारा बालोद विकासखण्ड के ग्राम जुंगेरा के माँ बंजारी माता मंदिर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य श्री यशवंत जैन, पूर्व विधायक श्री प्रीतम साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री देवलाल ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री राकेश यादव, श्री केसी पवार, जनपद अध्यक्ष श्रीमती पे्रमलता साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कृतिका साहू,प्रेम साहू सहित कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री जितेंद्र यादव, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर श्री शशांक पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुशील नायक, एसडीएम श्रीमती शीतल बंसल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे। जुंगेरा मंे आयोजित जिला स्तरीय समारोह के अलावा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम बड़गांव, गुरूर विकासखण्ड के ग्राम सुनईडोंगरी, गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कमरौद, डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम भैंसबोड़ में भी विकासखण्ड स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। इसके अलावा जिले के गांव एवं ग्राम पंचायतों, आश्रम, छात्रावासों एवं अलग-अलग स्थानों में भगवान श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर मानस गायन, दीपोत्सव, कलश यात्रा आदि भक्तिमय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं के द्वारा गाजे-बाजे के साथ भगवान की भक्ति करते हुए महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर नगर तथा अपने गांवों का भ्रमण किया। इस अवसर पर जिले के मंदिरों, चौक-चाराहों, आश्रम, छात्रावासों, नगर एवं ग्राम पंचायतों सहित विभिन्न स्थानों में सस्वर मानस गायन तथा भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन के अलावा राम भक्ति से ओतप्रोत गीत-संगीत की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा जिला मुख्यालय बालोद सहित सभी नगरीय निकायों मंे भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हेतु जिले के विभिन्न स्थानों में लाईव टेलीकास्ट की व्यवस्था की गई थी। जिसके माध्यम से जिले के नागरिक प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में अयोध्या में आयोजित समारोह से जुड़कर भगवान रामलला प्राण-प्रतिष्ठा के साक्षी बने।
भगवान श्री राम की जन्म स्थली अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पूरा होने के पश्चात् जिले के श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों के साथ जन प्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी भगवान की भक्ति से ओतप्रोत सुमधुर गीत गाते हुए झुम उठे। जिसके फलस्वरूप समूचा वातावरण राम भक्तिमय हो गया था।
इस अवसर पर जिले प्रमुख आस्था का केंद्र गंगा मईया मंदिर झलमला में रामचरित मानस पाठ के अलावा रामधुनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा रानीमाई, सियादेवी सहित जिले के अन्य मंदिरों में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके साथ ही जिले के आश्रम छात्रावासों में भी भगवान श्री रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## जगन्नाथपुर में निकली "राम" कलश शोभायात्रा, पुरुषों ने भी किया धारण, दिखाई राम भक्ति



**संवाददाता | बालोद**

बालोद जिला के ग्राम जगन्नाथपुर में अयोध्या में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को राम उत्सव के रूप में मनाया गया। इस दौरान एक दिन पहले ही गांव में मुनादी करके हर घर से कलश शोभा यात्रा निकालने को लेकर कहा गया था । साथ ही गांव में अन्य कामकाज बंद रखे त्यौहार मनाया गया। पूरे गांव में राम कलश शोभायात्रा भ्रमण किया गया। इस दौरान महिलाओं ही नहीं बल्कि पुरुषों ने भी इस मुख्य कलश को धारण कर गली भ्रमण किया। वही गली भ्रमण के बाद सभी बाजार चौक के पास इकट्ठे हुए। जहां रामायण का आयोजन किया गया था। आयोजन में प्रमुख रूप से सरपंच अरुण साहू, संजू, मुकेश, नारायण देशमुख, रोहित पटेल , विषय लाल, सुंदर विश्वकर्मा, नरेंद साहू, डोमन विश्कर्मा, दीनदयाल, बृज देशमुख, कोमल देशमुख, बेदलाल साहू, गोपाल साहू, विनोद साहू, खोमेश साहू, प्रेमा देशमुख, सोनी साहू , मालती ठाकुर, ताराचंद साहू, ओमकार सहित अन्य का योगदान रहा।

## " एक दीप श्री राम जी के नाम" लेकर पहुंचा सर्व समाज और बनी ये आकृति



**संवाददाता | बालोद**

ये नजारा बालोद पुराना बस स्टैंड के सामने शिव मंदिर परिसर की है। जहां सर्व समाज बालोद द्वारा दीप दान किया गया। "श्री राम जी सबके है ,एक दीप श्री राम जी के नाम" इस संदेश के साथ सर्व समाज ने फूलों की रंगोली सजाकर सैकड़ों दीप जलाए। इस तरह लोगों ने राम के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

## कुरदी के राम जानकी मंदिर में लोगों ने की दीप जलाकर सामूहिक महा आरती



## दसवीं क्लास की कृतिका की रंगोली कला: आंगन में उकेरी राम सीता लोगों का मन रिझा गया



**संवाददाता | बालोद**

इधर गांव में बेटियों ने निकाली रामायण के पात्रों में शोभायात्रा

यह तस्वीर है ग्राम परसतराई की। जहां पर अयोध्या में हुए श्री राम लला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर शोभायात्रा का आयोजन किया गया था। इस दौरान खास यह था कि रामायण के पात्रों में बेटियों ने रूप धरकर शोभायात्रा में शामिल हुए। यामिनी देशमुख राम बनी, तुलसी ठाकुर लक्ष्मण, वासनी ठाकुर सीता तो थलेश चंद्रवंशी हनुमान बने। गांव में जगह-जगह शोभायात्रा के दौरान सभी पात्रों की लोगों ने पूजा अर्चना की और श्री राम की छवि चित्र और कलश लेकर शोभायात्रा में लोग शामिल हुए। वही शाम को लोगों ने आतिशबाजी और दीप जलाकर राम भक्ति प्रकट की। इस दौरान गांव की सरपंच अंजू पाटिल की 16 साल की बेटी कृतिका पाटिल ने घर के आंगन में राम और सीता की ऐसी नयनाभिराम रंगोली बनाई कि लोग देखते रह गए। राम और सीता की मोहक जोड़ी इस रंगोली में नजर आ रही थी। लोगों ने कृतिका के इस रंगोली कला की सराहना की।

## चारों भाइयों के बाल रूप के साथ निकली कुरदी में श्री राम जी की शोभायात्रा



**संवाददाता | बालोद**

ग्राम कुरदी में अयोध्या में हुए श्री राम प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्य रूप में मनाया गया। इस दौरान श्री राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न चारों भाइयों के बाल रूपों की झांकी सजाकर मुकुट पहनाकर गांव में शोभायात्रा निकाली गई। बाकायदा चारों भाइयों को हाथ गाड़ी में बैठा कर उन्हें पूरा गांव घुमाया गया। इस दौरान महिलाओं ने कलश भी धारण किए थे। तो वहीं युवाओं में भी भगवा रंग की खुमारी छाई रही। मंदिर में पूजा अर्चना हुई तो वहीं शाम को लोगों ने सामूहिक रूप से दीप जलाकर श्री राम की महा आरती की। अंत में महाप्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन में प्रमुख रूप से सरपंच संजय साहू, ग्राम प्रमुख केशुराम साहू, सोमन निषाद, शिव मानस मंडली अध्यक्ष इलाराम ठाकुर, नरेंद्र देवांगन, रिमन साहू, प्रेमलाल साहू, चैतराम साहू आदि का योगदान रहा।



# भाजपा जिला बालोद द्वारा अयोध्या गए कारसेवकों का किया सम्मान



**संवाददाता | बालोद**

बालोद। भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद द्वारा 1990 - 92 एवं 2002 के जिले में निवासरत कार सेवकों का 22 जनवरी को अयोध्या में 500 वर्षों के संघर्ष के पश्चात भगवान श्री राम के विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर इस क्षण की अभिलाषा एवं संकल्प के साथ कार सेवा में अयोध्या गए बालोद जिले के राम भक्तों को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। जिन कारसेवकों का स्वर्गवास हो गया है उनके परिवारजनों को बुलाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुछ कार सेवकों ने अपने संस्मरण सुनाएं। सर्वप्रथम तात्कालिक समय में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष एवं बालोद जिला के जत्था प्रमुख एवं वर्तमान भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार ने कहा कि 500 वर्षों के सतत संघर्ष के पश्चात मृग शिरा नक्षत्र में अयोध्या में भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। त्रेता युग में असत्य पर सत्य की जीत, अधर्म पर धर्म की जीत के लिए प्रभु श्री राम अवतरित हुए थे और अयोध्या में राम जी की जन्म भूमि एवं श्री राम के अस्तित्व को नकारते हुए कांग्रेस पार्टी के 20 वकिलों ने सुप्रीम कोर्ट में विपक्ष की भूमिका निभाई किंतु माननीय सुप्रीम कोर्ट ने प्रमाणित साक्ष्य के आधार पर राम जन्मभूमि के पक्ष में फैसला दिया। जिससे अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। प्रधानमंत्री मोदी , यूपी के सीएम योगी एवं 500 वर्षों के संघर्षों में लगे लाखों लोगों के परिश्रम के फल स्वरुप आज धर्म की जीत हुई। लक्ष्मी चंद नुणिवाल ने कहा कि 6 दिसंबर 1990 में अनेक बाधाओ को पार करते हुए अयोध्या में कार सेवा करने गए। वहां विवादित मस्जिद के ढांचे का मलमा फेंकने का काम किया। जहां स्वास्तिक बने ईटो के राम मंदिर के अवशेष जमीन पर मिले। वही सितारे बन ईट जो मंदिर तोड़कर बनाए गए थे उसके अवशेष मिले। जिसमें के दो ईट सहेज कर घर लाया जिसे सभी को दिखाया। कार सेवक प्रमोद जैन ने कहा कि उस वक्त जो जोश था जज्बा था मुलायम सिंह की सरकार के भय, आतंकवाद, गोलीबारी भी कार सेवकों के हैसलों को नहीं तोड़ पाई। मलमा उठाकर हम फेंकने में सफल रहे। कार सेवकों ने जो सपना संजोया था आज मोदी जी, योगी जी के द्रिण संकल्प से वैभव स्वरूप लिया है। मोहन साहू सुरेश साहू ने कहा कि दुर्ग से सेवाएं मिली शुरू हो गई इलाहाबाद से फैजाबाद के बीच ट्रेनों में पत्थर बाजी की जा रही थी। सरयु नदी में स्नान किये और निकले तो पता चला कि एक ढांचा ढह चुका है। मलमा उठाकर आडवाणी जी की उपस्थिति में उमा भारती महिला होकर भी प्रथम हथोड़ा से विवादित ढांचे को तोड़ा वहां कोई भी कार सेवक औजार लेकर नहीं गए रेलिंग और खम्भो को तोड़कर ढांचा ढहाने में उपयोग किया गया। नंदकिशोर शर्मा ने कहा कि 1528 में अहिल्याबाई होल्कर ने मंदिर बनवाया था। जिसे मुगलों ने तोड़कर विवादित मस्जिद बनाया। जिससे विध्वंस करने के बाद ही मंदिर बनाने का रास्ता प्रशस्त हुआ। हमारे पांच साथियों को गुंडरदेही में ही बस से उतर कर पुलिस ने अयोध्या जाने से रोका और 24 घंटे जेल में डाले रखा और वापस घर भेज दिया। कार सेवक मनोहर सिंह ने कहा कि आडवाणी जी के नेतृत्व में देशभर से 2002 में कार सेवक देश भर से रवाना हुए। हमे बिलासपुर में ही रोका जा रहा था। जिले के जत्था के मुखिया कृष्णकांत पवार ने तलवार लेकर सामने खड़े हुए सभी अधिकारियों को दहाड़ते हुए धमकी दी की रामकाज में जो बाधक बनेगा उसे रास्ते से हटा देंगे। उनके स्वरूप को देखकर कार सेवकों के जोश को देखकर अधिकारी भाग खड़े हुए। कमला कॉलेज झूसी में तीन दिनों तक हमें जेल में रखा गया किंतु हम टेंट में रखें रामलाल की पूजा अर्चना कर पाए । उस दिन मन में संकल्प लिए थे रामलाल का मंदिर यहीं बनाएंगे जो आज फलीभूत हुआ। अन्य कार सेवकों ने भी अपने विचार बारी-बारी से रखें । सभी कार सेवकों का मस्तकाभिषेक कर भगवा दुपट्टा श्रीफल भेट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेता कृष्णकांत पवार , पवन साहू ,प्रीतम साहू, यज्ञ दत्त शर्मा, लेख राम साहू ,छगन देशमुख, त्रिलोकी साहू, किशोरी साहू ,राकेश छोटू यादव, शरद ठाकुर ,नरेश साहू, रिंकू शर्मा, अनीता कुमेटी, लोकेश श्रीवास्तव, कृतिका साहू ,प्रेमलता साहू ,आदित्य पिपरे, जितेंद्र साहू ,टोमन साहू, कमल पनपालिया, संदीप सिन्हा, विनोद कौशिक, दुर्जन साहू, छगन साहू, संदीप बाजपेई, के. के देशमुख ,डॉक्टर मोना टुवानी ,प्राची लालवानी, विक्रम लालवानी, संजय साहू ,जागृत साहू सहित अन्य पदाधिकारि, परिवार जन उपस्थित रहे। कारसेवकों में प्रमुख रूप से स्वर्गीय विनायक सोनी के पौत्र अभिषेक सोनी, टहल सिंह साहू ,लक्ष्मी चंद नुणिवाल, नंदकिशोर शर्मा, स्वर्गीय बाबूलाल बोदेलकर, श्री जगन बोदेलकर,स्व. नारायण साहू, स्व.रमेश भास्कर, स्वर्गीय सुंदरलाल धाकड़ के परिवार से देवकी बाई, बीरो बाई , बिसन बाई, टीकमबाई ,टोमन लाल धाकड़, रामलाल सिन्हा, गिरधारी लाल यादव ,भारत नेताम, शंकर आमदिया ,मोहनलाल साहू, तीजू राम टेमरिया, हेमनाथ नाग, भीखम राम साहू ,गमन लाल साहू, ओम प्रकाश यादव ,सुरेश साहू ,चुन्नीलाल साहू, मनोहर लाल सिन्हा, बेनीराम सिन्हा,आसाराम सिन्हा, पुनीत राम निर्मलकर मुकंद राम निर्मलकर,मुकुंद राम निर्मलकर,चतुर सिंह साहू, ओमप्रकाश डाडसेना, गंगू निर्मलकर, कृष्ण कुमार कौमार्य, प्रमोद जैन, के पलटू राम, शिवराम निर्मलकर, भोलाराम साहू ,नरहारे निषाद, स्वर्गीय दुलरू राम साहू के पौत्र मोहनीश साहू, मोहम्मद खान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं परिवारजन सम्मिलित हुए।

## कार सेवकों ने बताए उन दिनों के हालात!



# कारसेवकों की व्यथा बताते भावुक हो गए यशवंत जैन, बोले राम भक्तों के बलिदान का प्रतीक है ये मंदिर



**संवाददाता | बालोद**

छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग द्वारा 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित “श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव“ के बालोद शहर में भव्यमय सांस्कृतिक कार्यक्रम वार्ड क्रमांक 02 संजय नगर दुर्गामंदिर रंगमंच में आयोजन किया गया। आयोजन में मानस मंडली प्रतियोगिता में अराधना बालिका मानस परिवार द्वारा रामायण मानस ज्ञान का भव्यमय कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में यशवंत जैन पूर्व सदस्य राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग, विकास चोपड़ा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालोद राकेश यादव पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालोद कमलेश सोनी पार्षद वार्ड क्रमांक 02, चमेली साहू पार्षद वार्ड क्रमांक 14 के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यातिथि यशवंत जैन ने अपने 1990 के कारसेवा की व्यथा बताई। उन्होंने बताया कि कारसेवा में गए कार्यकर्ताओ को बहुत कष्ट झेलकर आयोध्या जाना पड़ा। बहुत से लोग राम नाम मे समा गए। बहुतो ने अपने प्राण न्योछावर किये, सबके बलिदान का प्रतीक है भव्य राम मंदिर। कारसेवा के किस्से बताते यशवंत जैन भावुक हो गए थे। विकास चोपड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से पूरे देश मे ही नही अपितु विदेश में भी उत्साह उमंग लोगो मे दिख रहा है । इस अवसर पर सुरेश निर्मलकर मंडल संतोष कौशिक, अमित चोपड़ा, राजेश सोनी, रवि पाण्डेय, विनोद जैन, नरेन्द्र सोनवानी, मधुकांत यदु ममता यदु इंदु साहू मीनाक्षी सोनकर तुलेश साहू मुरली साहू राहुल साहू चंद्रकांत निर्मलकर ज्ञानेश सोनकर आदि वार्डवासियों के गरिमामय उपस्थिति के साथ कार्यक्रम संपन्न किया गया। आयोजन में मानस मंडली अराधना बालिका मानस परिवार को प्रोत्साहन स्वरूप 5000/- रू. राशि प्रदान किया गया है। तथा कार सेवको को सम्मानित किया गया है। साथ ही श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण की व्यवस्था मोखला मांझी मंदिर में किया गया था। नगर पालिका परिषद बालोद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनील अग्रहरि ने बताया है कि आयोजन में नगर पालिका के सफल क्रियांवयन हेतु नगर पालिका के कर्मचारी जसवत साहू, प्रमोद शर्मा, सुशांत चौहान, गिरिश साहू, रोहित साहू, दीपक सोनी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर जगन्नाथपुर में हुई सत्यनारायण की पूजा



**संवाददाता | बालोद**

जगन्नाथपुर में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर में अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की मौके पर सत्यनारायण की कथा पूजा आयोजित की गई। जिसमें विद्यालय समिति प्रमुखों सहित पालकों की मौजूदगी रही। लाटाबोड़ के पंडित प्रकाश तिवारी द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ सत्यनारायण की कथा और पूजा संपन्न कराई गई। वहीं अंत में शाला परिसर में अतिरिक्त भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन भी किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से डॉक्टर एससी हरदेल, दमयंती हरदेल, अभ्यास साहू, खिलानंद गिलहरा, शकुंतला गिलहरा, संस्था प्रमुख ताराचंद साहू, कमली साहू, भारत अनुसुइया साहू, खिलेश्वरी, सोनी अरुण साहू, गामिन, हेमलता, रानी, कमलेश्वरी, कोमिन साहू , तेजराम, संगीता सिन्हा, भागवत जेठमल आदि मौजूद रहे। शाला परिवार द्वारा अंत में सभी को खीर पुरी का प्रसाद वितरण कर अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की शुभकामनाएं भी दी गई। आयोजन में प्रमुख रूप से आचार्य रेखलाल देशमुख, धनंजय साहू, खेमिन साहू, रीना देशलहरे, लक्ष्मी साहू, भावना सुनहरे, माधुरी दीपक यादव, चैन कुमारी नेताम, त्रिवेणी दुबे आदि का योगदान रहा।

## भवन निर्माण के लिए भी भूमिपूजन



# कमरौद के भूईफोड दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में पूजा कर विधायक कुंवर निषाद ने की "राम उत्सव" की शुरुआत





**संवाददाता | बालोद**

बालोद। भुंई फोड़ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर कमरौद में अयोध्या में भगवान राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में जनपद पंचायत गुंडरदेही एवं जय बजरंगबली मंदिर समिति कमरौद द्वारा आयोजित "श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा- रामोत्सव" में गुंडरदेही विधानसभा के विधायक कुंवर सिंह निषाद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। भगवान श्री रामचंद्र जी और हनुमान जी की पूजा अर्चना कर प्रदेश एवं क्षेत्र वासियों के खुशहाली के लिए कामना की। विधायक ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के भांचा प्रभु श्रीराम जी के अयोध्या मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के शुभ दिन पर छत्तीसगढ़ के सभी लोग सायं अपने घर में दीप प्रज्वलित कर इस महाउत्सव में अपनी सहभागिता प्रदान करें। राम हम सबको लाए हैं हम राम को नहीं..राम कण कण में है..जय सियाराम..।

# घीना में नन्हे मुन्ने बच्चों ने निकाली राम जी की झांकी, सरस्वती शिशु मंदिर परिवार ने किया आयोजन



**संवाददाता | बालोद**

सरस्वती शिशु मंदिर घीना में 22 जनवरी 2024 को राम प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भव्य राम रैली का आयोजन किया गया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर घीना के छोटे-छोटे भैया बहनों की तरफ से शानदार झांकी सजाकर विद्यालय प्रांगण से भ्रमण करते हुए राम दरबार मां जानकी मंदिर घीना से भव्य कलश शोभायात्रा के साथ गांव भ्रमण किया गया। तत्पश्चात संस्कृति कार्यक्रम एवं रात्रि में श्री तुलसी संगम मानस मंडली की कथा के साथ यह कार्यक्रम संपन्न किया गया।

# भक्ति सराबोर: लोगों ने घरों के सामने किया राम की चौपाइयों का सस्वर पाठ



**संवाददाता | बालोद**

अयोध्या में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर पूरे बालोद जिले में राम भक्ति का माहौल नजर आया। इस क्रम में लोगों ने भी अपने घरों में रामायण की चौपाइयों का पाठ किया। ग्राम झलमला में कौशल निवास के सामने मोहल्ले के लोगों सहित चरोटा प्राइमरी स्कूल के बच्चों ने मिलकर रामायण पाठ किया। इस दौरान प्रमुख रूप से पवनरेखा कौशल, चंद्रिका बाई, सतरूपा कौमार्य, लेविस निर्मलकर, भुपेश नेताम , नम्रता, कुमकुम, पुष्पांजलि आदि मौजूद रहे।

# डाक टिकट प्रेमी डॉक्टर प्रदीप जैन के पास है राम और सीता से जुड़ी खास डाक टिकटों का संग्रह, राम जी के ससुराल नेपाल से हुए हैं रोचक टिकट जारी

दीपक यादव | बालोद

दीपक यादव, बालोद। बालोद नगर के डाक टिकट संग्राहक डॉक्टर प्रदीप जैन के पास राम और सीता से जुड़ी हुई कई अनूठे डाक टिकटों का संग्रह मौजूद है। एक टिकट तो 1964 का बताया जा रहा है। जिसमें माता सीता के जयंती पर जारी हुआ था। इस टिकट में सीता महल का भी दृश्य दिख रहा है जो नेपाल में मौजूद है, तो वही एक दूसरा टिकट राम और सीता एक साथ वाले नजर आ रहे हैं। जो की 1967 का है इस डाक टिकट के ऊपर में "रामनवमी 2024" तक लिखा हुआ है। यानी यह दुर्लभ संयोग और यह टिकट का उस समय जारी होना आज लोगों को हैरान कर रहा है। ऐसे ही अनूठे डाक टिकटों की श्रृंखलाओं की प्रदर्शनी डॉ प्रदीप जैन ने बालोद शहर के पोस्ट ऑफिस में लगाई है। एक खास बातचीत में उन्होंने हमें इन टिकटों के बारे में कुछ ऐतिहासिक और रोचक जानकारियां साझा की। जो इस तरह हैं.....

अयोध्या में 22 तारीख को प्रभु श्री राम अपने नए मंदिर में विराजमान हुए. ऐसे में चारों ओर राम मंदिर की चर्चा है. इसी दौरान एक डाक टिकट जो नेपाल से साल 1967 में जारी किया गया था वह देश भर में चर्चा में है। लोग पता लगा रहे हैं कि आखिर यह डाक टिकट कहां है और किसके पास है, तो आपको बता दें कि यह दुर्लभ डाक टिकट बालोद के डॉक्टर प्रदीप जैन के पास भी है. इस डाक टिकट को इसलिए दुर्लभ कहा जा रहा है क्योंकि इसके पीछे एक राज छिपा है. जिसे जानकर हर कोई अपने दांतों तले उंगली दबा ले रहा है.असल में भगवान श्री राम के ससुराल नेपाल से जारी करीब 57 साल पुराना एक डाक टिकट है, जो किसी अद्भुत संयोग से कम नहीं है. दरअसल, 1967 में जारी हुए इस डाक टिकट को भगवान राम और सीता को समर्पित किया गया था, जिसमें संयोगवश राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का साल लिखा हुआ. 15 पैसे के इस डाक टिकट पर रामनवमी 2024 लिखा हुआ है. जानकारी अनुसार 18 अप्रैल 1967 को ये टिकट लॉन्च किया गया था। यह डाक टिकट नेपाल में 1967 में जारी हुआ था. इस डाक टिकट में भगवान श्रीराम धनुष-बाण के साथ हैं. उनके आगे माता सीता भी हैं. 15 पैसे के इस डाक टिकट पर 'रामनवमी 2024' लिखा हुआ है. इस डाक टिकट को राम नवमी के अवसर पर 18 अप्रैल, 1967 को लॉन्च किया गया था.

1967 में जारी टिकट पर क्यों लिखा है रामनवमी 2024?

इस नेपाली डाक टिकट पर जो रामनवमी 2024 में लिखा है, वह अंग्रेजी कैलेंडर में नहीं बल्कि विक्रम संवत में लिखा है. विक्रम संवत अंग्रेजी कैलेंडर से 57 साल आगे चलता है. इस तरह से साल 1967 में जारी हुए इस डाक टिकट पर 57 साल आगे का साल 2024 लिखा हुआ है. इसीलिए यह अद्भुत है ऐसा कहा जा सकता है कि इतने साल पहले जारी हुए इस टिकट पर पहले से ही प्राण प्रतिष्ठा की तारीख लिख दी गई थी.

युगपुरुष भगवान राम पर विभिन्न देशों से जारी प्रेरक डाक टिकट सनातन संस्कृति के वाहक हैं: प्रदीप जैन

बालोद के प्रतिष्ठित चिकित्सक प्रदीप जैन एक डाक प्रेमी भी है। और वर्षों से डाक टिकटों का संग्रह कर रहे हैं। रामजन्मभूमि मंदिर की स्थापना के पावन अवसर पर स्थानीय पोस्ट ऑफिस में विश्व के विभिन्न देशों द्वारा भगवान रामएवं सीताजी,हनुमानजी,जटायु आदि पर जारी विभिन्न डाक टिकटों के माध्यम से रामायण एवं सनातन संस्कृति के आकर्षक प्रसंगों को प्रदर्शित किया गया है जिनके दर्शन वे इस खास मौके पर पर करवा रहें हैं। अनादिकाल से भगवान राम के चरित्र एवं उनकी महान जीवन शैली ने केवल भारतवर्ष ही नहीं वरन समस्त विश्व के प्राचीन देशों में वहाँ की संस्कृति को प्रभावित किया है । उपरोक्त प्रदर्शनी में नेपाल में आज से 56 साल पहले रामनवमी के पावन अवसर पर जारी डाक टिकट जिस पर हिन्दी में संवत् 2024 अंकित है वह डाक टिकट भी प्रदर्शित है। साथ ही विश्व के इकलौते हिंदू राष्ट्र नेपाल में वहाँ की बिटिया सीताजी जी के जन्मदिवस पर उनके महल के साथ जारी विश्व का एकमात्र डाक टिकट भी आकर्षण का केंद्र है।

2017 में भारत में भी हुए थे महाकाव्य रामायण पर डाक टिकट जारी

2017 में हमारे देश में महाकाव्य रामायण पर जारी डाक टिकट जिसमें भगवान राम के विवाह,वनवास,केवट की भक्ति, जटायु एवं शबरी के बेर व हनुमानजी की संजीवनी बूटी लाने संबंधी सभी प्रेरक विषयों पर जारी 11 टिकट को भी प्रदर्शित किया गया है। साथ ही भगवान राम के वनवास से अयोध्या वापस लौटने की ख़ुशी में मनाये जाने वाले दीपोत्सव दिवाली पर्व पर भारत के अलावा अमेरिका एवं कनाडा द्वारा जारी टिकट भी सराहनीय है। प्रदर्शनी में भारत के अलावा नेपाल, थाईलैण्ड, इंडोनेशिया ,लाओस, कंबोडिया एवं श्रीलंका द्वारा भगवान राम पर जारी टिकट भी प्रदर्शित किये गये हैं।

## 1964 की टिकट में दिख रहा सीता महल का नजारा तो 1967 में नजर आ रहा रामनवमी 2024 की तारीख!






Daily Balod News




## सखी स्व सहायता समूह जगन्नाथपुर ने स्कूल में बच्चों को किया खीर पुरी का वितरण



संवाददाता | बालोद

श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मौके पर स्कूलों में भी राम भक्ति देखने को मिली। बच्चों ने स्कूल में श्री राम की पूजा अर्चना की। तो वहीं इस दौरान जगन्नाथपुर क्षेत्र में मध्यान्ह भोजन का संचालन करने वाली सखी स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बच्चों को मध्यान्ह भोजन में खीर पुरी का वितरण किया गया। उनके द्वारा संचालित जगन्नाथपुर, सांकरा और सुंदरा स्कूल में यह व्यवस्था की गई थी। इस पहल की मध्यान्ह भोजन विभाग से जुड़े अफसरों ने भी सराहना की और आगे भी इसी तरह से मीनू के अनुसार बच्चों को भोजन परोसे जाने की बात कही। आयोजन में समूह के अध्यक्ष दामिनी साहू, सचिव कुमारी ठाकुर सहित अन्य सदस्यों का योगदान रहा। सभी सदस्यों ने मिलकर स्कूल में संचालित रसोई कक्ष में जाकर खीर पूरी बनाई और बच्चों को वितरित किया गया।



## 101 दीप जलाकर बजरंग दल के जिला संयोजक उमेश सेन ने दिखाई राम भक्ति, वार्ड हुआ राममय

बालोद। अयोध्या में श्री राम लला जी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरे भारतवर्ष के छोटे बड़े सभी मंदिरों में विशेष अनुष्ठान पूजा पाठ किया गया। बालोद जिला और शहर के भी सभी मंदिरों में विशेष पूजा पाठ अनुष्ठान प्रसाद वितरण का दौर चला। इसी क्रम में बालोद शहर के वार्ड क्रमांक 7 काशी बन तालाब पार, आंगनवाड़ी क्रमांक 2 के सामने बजरंग दल बालोद जिला संयोजक उमेश कुमार सेन के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक 7 काशी बन तालाब आंगनवाड़ी क्रमांक 2 के सामने श्री शिव मंदिर और श्री हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा आरती और सभी भक्त जनों को प्रसाद वितरण किया गया। 101 दिए जलाकर मंदिर में प्रज्वलित भी किया गया। पूरा मोहल्ला राममय हो गया। जय जय श्री राम के नारे गूंजती रही। इस दौरान समस्त मुहल्ले वासी भी मौजूद रहे।

## पार्षद राजू पटेल के नेतृत्व में हुआ गंजपारा में सफल आयोजन, राम की भक्ति और भगवा रंग में रंगा था नगर



संवाददाता | बालोद

गंजपारा बालोद के दुर्गा मंदिर परिसर में भव्य श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तहत राम भजन और हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। पार्षद राजू पटेल के नेतृत्व में यह सफल आयोजन संपन्न हुआ। उनके प्रयास से बालोद नगर भगवा रंग में नजर आया तो वहीं लोग राम की भक्ति में डूबे रहे। अयोध्या में हो रहे कार्यक्रम का लाइव प्रसारण लोगों ने मंदिर में बैठकर देखा। इस दौरान खास तौर से महिलाओं की भीड़ उमड़ी। बालोद नगर में भी दिन भर राम नाम की गंगा बहती रही। गंजपारा में दुर्गा मंदिर समिति, चेंबर ऑफ कॉमर्स और अन्य संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में लोगों की काफी भीड़ जुटी। बालिकाओं की मानस मंडली टीम की सुमधुर प्रस्तुति ने भी लोगों का मन मोह लिया। भंडारे में भी हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पार्षद राजू पटेल के नेतृत्व में हुए इस आयोजन से सभी राम भक्ति में डूबे नजर आए। तो वहीं उनके ही प्रयास से बालोद नगर को भगवामय किया गया था। ज्ञात हो कि करीब 20 दिन पहले से 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम लला मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारी बालोद में जारी रही। गंजपारा के पार्षद राजू पटेल का एक छोटा सा प्रयास ने देखते ही बड़ा रूप ले लिया। और पूरा बालोद नगर भगवामय बना रहा। शाम होते ही जमकर आतिशबाजी कर लोगों ने महा दिवाली मनाई तो अपने घर आंगन में दीप जलाकर श्री राम का स्वागत किया। बालोद में जगह-जगह मंदिरों, घरों, दुकानों को भगवा रंग के झालर से सजाया गया है। दुर्गा मंदिर परिवार द्वारा पार्षद राजू पटेल के नेतृत्व में नौ लाख रुपए से ज्यादा के लाइट शहर में सजाए गए थे। 1 लाख से ज्यादा के झंडे और झालर लगे थे। श्री दुर्गा समिति गंजपारा के तत्वावधान में 21 और 22 जनवरी को भी विशेष आयोजन हुए। जिसके तहत संगीतमय सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ भी सोमवार को हुआ। जो की सुबह 9 से 10 बजे तक चला। इसके पहले 21 जनवरी की रात को दुर्गा मंदिर पाटीदार भवन गंजपारा बालोद में राम आएंगे थीम पर भजन संध्या का आयोजन भी किया गया । जिसमें प्रस्तुतकर्ता रुचिता तिवारी बिलासपुर छत्तीसगढ़ थी राम के भजनों पर लोग जमकर थिरके। श्री योग वेदांत बालिका मानस परिवार बालोद द्वारा 22 जनवरी को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। दोपहर से लेकर 5:00 बजे तक विशाल भंडारा का आयोजन भी किया गया। दुर्गा मंदिर समिति गंजपारा , चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज बालोद के संयुक्त प्रयास से आयोजन संपन्न हुआ।